THE DIVINE MERCY CHAPLET

करुणा रोज़री

WWW.GREATERGLORYOFGOD.IN

अगुआ :– पिता और पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम पर,
सब :– आमेन।

प्रारंभिक प्रार्थना:–

हे अति मधुर येसु / तू मर गया / लेकिन पुनर्जीवित होकर / आत्माओं के लिए जीवन का स्रोत बन गया / और तुझ से सारी दुनिया के लिए / दया का सागर उमड़ पड़ा। हे जीवन का स्रोत / अथाह ईश्वरीय दया / सारी दुनिया को अपनी करुणा से ढँक ले / और हमारे लिए / अपने को अर्पित कर दे।

प्रभु येसु के पावन हृदय से / हमारे लिए दया के स्रोत के रूप में / बह निकला रक्त और जल / मैं तुझ पर भरोसा रखता हूँ। (तीन बार)

हे हमारे पिता :–

हे हमारे पिता, जो स्वर्ग में है,
तेरा नाम पवित्र माना जाये,
तेरा राज्य आये,
तेरी इच्छा जैसे स्वर्ग में, वैसे पृथ्वी पर भी पूरी हो।

हमारा प्रतिदिन का आहार आज हमें दे
और हमारे अपराध हमें क्षमा कर
जैसे हम भी अपने अपराधियों को क्षमा करते हैं,
और हमें परीक्षा में न डाल, परन्तु बुराई से बचा।
आमेन।

प्रणाम मरियम :–

प्रणाम मरियम, कृपापूर्ण, प्रभु तेरे साथ है;
धन्य है तू स्त्रियों में और धन्य है तेरे गर्भ का फल, येसु।

हे संत मरियम, ईश्वर की माँ,
प्रार्थना कर हम पापियों के लिए
अब और हमारी मृत्यु के समय।
आमेन।

प्रेरितिक धर्मसार

मैं स्वर्ग और पृथ्वी के सृष्टिकर्त्ता
सर्वशक्तिमान् पिता ईश्वर,
और उसके इकलौते पुत्र
अपने प्रभु येसु ख्रीस्त में विश्वास करता (करती) हूँ,

("जो पवित्र आत्मा के द्वारा ... से जन्मा' शब्दों तक एवं अंतर्विष्ट सब लोग नतमस्तक होते हैं।)

जो पवित्र आत्मा के द्वारा गर्भ में आया,
कुँवारी मरियम से जन्मा,
पोंतुस पिलातुस के समय दुःख भोगा,
क्रूस पर चढ़ाया गया, मर गया और दफ़नाया गया;
वह अधोलोक में उतरा,
और तीसरे दिन मृतकों में से फिर जी उठा;
वह स्वर्ग में आरोहित हुआ
और सर्वशक्तिमान् पिता ईश्वर के दाहिने विराजमान है;
वहाँ से वह जीवितों और मृतकों का न्याय करने आएगा।

मैं पवित्र आत्मा, पवित्र काथलिक कलीसिया,
धर्मियों की सहभागिता, पापों की क्षमा,
देह के पुनरुत्थान और अनंत जीवन में विश्वास करता (करती) हूँ।
आमेन।

हरेक भेद के पहले:

सब :– हे शाश्वत पिता / हमारे और सारी दुनिया के / पापों के प्रायश्चित के लिए / तेरे परम प्रिय पुत्र / हमारे प्रभु येसु ख्रीस्त के / पावन शरीर और रक्त / आत्मा और ईश्वरीयता को / मैं तुझे चढ़ाता हूँ।

दस बार :–

अगुआ :– प्रभु येसु ख्रीस्त के दुखभोग और क्रूस–मरण के कारण
सब :– हे अब्बा पिता / हम पर और सारी दुनिया पर दया कर।

हर भेद के बाद:–

सब :– हे पावन ईश्वर / हे पावन सर्वशक्तिमान / हे पावन अमर ईश्वर / हम पर और सारी दुनिया पर दया कर।

करुणा के लिए प्रार्थना :–

अगुआ :– हे प्रभु ईश्वर, हमारी रक्षा कर। आप के पुत्र पुत्रियों पर करुणा कर। हम और हमारे माँ–बाप, भाई बहनों, हमारे अधिकारियों और नेताओं के द्वारा, जो भी पाप, अधर्म और अपराध हुए हैं, उन्हें क्षमा कर दे। हमें द्ण्ड न दे। हमारे कर्ज माफ़ कर दे। हे करुणासागर प्रभु, अपने पावन लहू से, हमें, हमारे परिवारों और हमारे सब वस्तुओं का अभिषेक कर। तू हमें अपना बनाकर तेरे पवित्र आत्मा द्वारा संचालित कर। आमेन।